## सीए-सीएस बनने पर सम्मान

**चिड़ावा ।** गिन्नीदेवी सत्यनारायण सेखसरिया गर्ल्स पीजी कॉलेज में महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की छात्राओं द्वारा सीए और सीएस की फाउंडेशन एग्जाम क्लियर करने पर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. सपना अग्रवाल ने चयन होने वाली छात्राओं को पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनको बधाई दी। संस्था सचिव सुंदरलाल शर्मा ने भी छात्राओं को बधाई प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीकॉम फर्स्ट से हर्षिता का सीए फाउंडेशन, चंचल गुप्ता का सीएमए फाउंडेशन, तनु केडिया का सीए फाउंडेशन, रिया का सीएस फाउंडेशन, कशिश जांगिड का सीएस फाउंडेशन में चयन होने पर महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी ।

# अनियंत्रित ट्रोला पलटने से एक की मौत

- दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया
- गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान बाडमेर जिले के चौहटन निवासी 25 वर्षीय किशनलाल जाट के रूप में हुई है

**रतनगढ ।** रतनगढ़ के मेगा हाइवे पर मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मक्का से भरा एक ट्रोला अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रोले में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया है।एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि मक्का की बोरियों से भरा यह ट्रोला रतनगढ से सरदारशहर की ओर जा रहा था। आईटीआई मोड़ के पास पहुंचते ही ट्रोला अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे में ट्रोले के चालक और खलासी दोनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान बाडमेर जिले के चौहटन निवासी 25 वर्षीय किशनलाल जाट के रूप में हुई है, जिसे डॉक्टरों ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ट्रोले के पलटने से मेगा हाइवे पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। बाद में पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रोले को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू करवाया।

## फिजियोथैरेपी फ्री कैंप 16 को

**झुंझुनूं ।** स्थानीय झुंझुनूं विप्र फाउंडेशन महिला संगठन की बैठक इंदिरा नगर में महिला संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आशा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी 16 नवंबर रविवार को फाउंडेशन की महिला संगठन द्वारा निशुल्क फिजीयोथैरेपी कैंप को लेकर संपन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ममता शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से शिक्षाविद् पूनम शर्मा को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। जानकारी देते हुए पूनम शर्मा ने बताया कि इंदिरा नगर स्थित सुभाष मार्ग बी-115 बेसमेंट में 10 से शाम चार बजे तक पिलानी के सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. जितेंद्र मौर्य के नेतृत्व में सर्वाइकल, घुटना दर्द, फ्रोजन शोल्डर, कमर दर्द, पैरों में दर्द, सूनापन एवं रिंगणबाय के लिए फिजियोथैरेपी सेवाएं प्रदान की जाएगी।

# ज्ञान कोष समिति का पुस्तक दान सप्ताह शुरु

**झुंझुनूं ।** आरआर मोरारका पीजी कॉलेज में ज्ञान कोष समिति के तत्वावधान में मंगलवार से पुस्तक दान सप्ताह का शुभारंभ हुआ। जो 14 नवंबर तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति सम्मान, ज्ञान के प्रसार तथा साझा अध्ययन-साझा संसाधन की भावना को प्रोत्साहित करना है। मंगलवार को पुस्तक दान सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य कक्ष से किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र न्यौल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि पुस्तक दान सर्वोत्तम दान है, क्योंकि ज्ञान को साझा करना समाज की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में कम्यूनिटी बुक बैंक संचालित है। जिसमें विभिन्न भामाशाह, समाजसेवी एवं महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी भी पुस्तकों का दान कर सकते हैं। उद्घाटन सत्र में विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं संकाय सदस्यगण ने प्रतीकात्मक रूप से पुस्तकों का दान कर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की। तत्पश्चात कम्यूनिटी बुक बैंक समिति की सदस्य टीम एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर पुस्तकों का संठाह किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लेकर ज्ञान के साझाकरण की इस मुहिम को सफल बनाया। इसी क्रम में 12 नवंबर को नॉलेज वॉल की रचना की जाएगी। जहां संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा अपनी पसंदीदा पुस्तक व प्रेरक कथन को वॉल पर लिखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में समुदाय पुस्तक बैंक समिति की संयोजक डॉ. आकांक्षा डूडी व समिति सदस्य डॉ. बरखा सिंह ने सभी उपस्थितजन, सहयोगी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह अभियान विद्यार्थियों में पढ़ें और पढ़ाएं की भावना को सशक्त बनाते हुए एक सृजनात्मक एवं सामाजिक पहल के रूप में सराहा जा रहा है।

# स्नेह मिलन समारोह मनाया

**चिड़ावा ।** महावीर इंटरनेशनल चिड़ावा का स्नेह मिलन समारोह एसडीएम कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कैलाशसिंह कविया की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी आशाराम गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। नवपदोन्नत एएसआई बलबीर चावला का इस अवसर पर अभिनंदन किया गया। समारोह के मुख्य मेजबान, प्रायोजक, महावीर इंटरनेशनल की डायरेक्टर चिड़ावा निवासी बैंगलोर प्रवासी पुष्पा सुभाष भगेरिया थे। गत माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा एवं आगे की कार्य योजना पर मंथन हुआ। सभी ने आने वाली भीषण सर्दी में जरूरतमंद की सहायतार्थ भरपूर प्रयास अभी से करने, संस्था द्वारा विभिन्न वाहनों के आगे पीछे रेडियम स्टीकर लगा कर जानलेवा दुर्घटना को टालने के प्रोजेक्ट को जारी रखने तथा संस्था की मेडिकल टीम डॉ. कुसुमलता, डॉ. एलके शर्मा, कृष्ण सीटी स्केन के सज्जन सुमन गोदारा, कर्मवीर गोस्वामी, लैब टेक्निशियन नाहरसिंह एवं विनीत पारीक द्वारा योजना बनाकर विभिन्न संस्थाओं व कार्यालयों के विद्यार्थियों, स्टाफ, कर्मचारियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार करने को सहर्ष जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की।

जहां एक ओर झुंझुनूं से जिज्ञासा संस्था की गोल्डी नेगी व अदम्या पाराशर ने हिमाचली युगल गीत से रोमांचित किया। वहीं आस्था त्रिपाठी ने भावुक युवती पर कविता सुना कर माहौल को इंद्रधनुषी बना दिया। राजस्थान यूथ आइकॉन पूजा शर्मा ने देशभक्ति काव्यपाठ से वातावरण में ओज भर दिया। वहीं कवि नगेन्द्र शर्मा ने की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी।

विमल शर्मा ने हास्य के साथ कारगिल दिवस को राज्य स्तर पर विशाल रूप में मनाए जाने की बात दोहराई। जिसका तालियां बजाकर लोगों ने समर्थन किया। डॉ. चंचल विक्रम शर्मा, प्रो. दीपेश सीमा भारद्वाज, संदीप मावंडिया, उप सचिव देवानंद हीरालाल चौधरी, अनिल शर्मा, आरबीसिंह, उद्योगपति संजय जखोड़िया, ओमप्रकाश जखोड़िया, अडूकिया स्कूल प्रिंसीपल प्रदीप मोदी आदि वक्ताओं ने संस्था के प्रोजेक्ट एक अदद मदद, पुण्य का प्रयास विभूतियों का समय समय पर सम्मान सहित संस्था के सेवा कार्यों के लिए संस्था की पुरजोर प्रशंसा की तथा उपयोगी सुझाव दिए। नव प्रविष्ट सदस्य पूजा शर्मा को वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी अमरकला, डॉ. चंचल शर्मा एवं पुष्पा भगेरिया ने तथा लोन मैनेजर अनिल शर्मा पिलानी को सुभाष भगेरिया, कैलाश कविया, आशाराम गुर्जर, बलबीर चावला द्वारा महावीर पिन से अलंकृत किया गया।

## ओपीएस बंद करने के विरोध में प्रदर्शन

**झुंझुनूं ।** राजस्थान सरकार के नौ अक्टूबर 2025 के ओपीएस बंद करने के आदेश का विरोध करते हुए राजस्थान रोडवेज संयुक्त संघर्ष समिति एटक तथा सीटू के आव्हान पर मंगलवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यदि समय रहते आदेशों को निरस्त नहीं किया तो 18 नवंबर 2025 को शहीद स्मारक जयपुर पर विशाल आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिपालसिंह भांबू, गजराज कटेवा, सैयद सुभाष अली खान, महेंद्र चौमाल व प्रभुराम नारनोलिया ने कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में बताया। विरोध प्रदर्शन में महावीर मील, दयानंद जानूं, रामकुमारसिंह भैड़ा, महेंद्रसिंह, धर्मवीर पिलानिया व बनवारी जाट तथा अन्य सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# दुपहिया वाहन चालकों को 40 हैलमेट बांटे

- समय समय पर सड़क सुरक्षा के कार्यक्रम किए जाना सराहनीय कार्य है

**झुंझुनूं ।** मारवाड़ी युवा मंच झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन एवं चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से स्टेशन रोड स्थित पीरू सिंह सर्किल पर मंगलवार को नव पदस्थापित सीओ सिटी गोपाल सिंह ढाका के मुख्य आतिथ्य में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को 40 हैलमेट वितरित किए गए। इससे पूर्व आयोजक संस्था की ओर से मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ढाका का शॉल एवं दुपट्टा ओढाकर राधाकृष्ण का मनमोहक प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भामाशाह पाटोदिया परिवार के प्रदीप पाटोदिया, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के स्पेशल केबिनेट सेक्रेटरी नरेंद्र व्यास, मारवाड़ी युवा मंच झुंझुनूं शाखा के अध्यक्ष अंकित पोद्दार, गोपाल जालान एवं माधव तुलस्यान सहित अन्य जन ने हैलमेट वितरण कार्य में सहयोग किया। सीओ सिटी ढाका ने हैलमेट वितरण कार्य करने के लिए आयोजक संस्था एवं भामाशाह परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समय समय पर सड़क सुरक्षा के कार्यक्रम किए जाना सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम के बारे में दानदाता परिवार के प्रदीप पाटोदिया ने बताया कि उनकी ओर से समय समय पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हैलमेट वितरण का कार्य किया जाता है। उनका मानना है कि हैलमेट लगाना सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक व्यक्ति का उत्तरदायित्व है।

## आवेदन का आज आखिरी दिन

**झुंझुनूं ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में 2023 बैच (आरईटी 2023) के पीएचडी शोधार्थियों के लिए कोर्स वर्क परीक्षा-2025 के लिए आवेदन 12 नवंबर को शाम पांच बजे तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। यह कोर्स वर्क परीक्षा 15 और 16 नवंबर को विश्वविद्यालय परिसर में होगी। विश्वविद्यालय के शोध निदेशक और परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्स वर्क परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन तीन नवंबर से भरे जा रहे है।

अंतिम तिथि 12 नवंबर के बाद किसी भी शोधार्थी का परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रो. सिंह ने बताया कि परीक्षा की समय सारणी और विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# प्रशिक्षण का समापन

**चूरू ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में दो दिवसीय 21वीं सदी के कौशल व व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को डाइट प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक हुआ। राठौड़ ने कहा कि 21वीं सदी के युवाओं को बदलते परिवेश के साथ अपने कौशल में दक्ष होना जरूरी है। उन्होंने जिले में चल रहे कोडयोगी कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी देते हुये कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में युवाओं की बहु राष्ट्रीय कंपनियों में बढ़ रही मांग तकनीकि कुशलता पर निर्भर करती है। राठौड़ ने बताया कि शिक्षक वही है जो शिक्षण कार्य को रुचिकर बनाकर उसका सही और उचित प्रतिफल दे। प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए युवाओं का व्यवसायिक शिक्षा में दक्ष करना अतिआवश्यक है, क्योंकि यह शिक्षा प्रणाली युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाती है। सारस्वत ने बताया कि ब्लूम टैक्सनॉमी के अनुसार विद्यालयो में प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाए।

IFFCO
किसान भाइयों से अपील
International Year of Cooperatives 2025

किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।

टोल फ्री न.: 1800 103 1967
मुख्य प्रबंधक जनसम्पर्क

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/2076 दिनांक: 10/11/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रतन लाल हरलिया पुत्र श्री गिरधारी लाल जाति भाट निवासी रावतसर द्वारा निम्न भूखण्डो का नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए है -

| क्र.स | मूल भूखण्डधारी | क्रेता | बैयनामा दिनांक | साईज |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री टिकूराम पुत्र श्री मालाराम रेगर | श्री रतन लाल हरलिया पुत्र श्री गिरधारी लाल जाति भाट निवासी रावतसर | 01.06.2015 | 447.24 वर्गमीटर में से 1/2 हिस्सा 223.62 वर्गमीटर |
| 02 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री बिलाराम अग्रवाल | श्री रतन लाल हरलिया पुत्र श्री गिरधारी लाल जाति भाट निवासी रावतसर | 19.05.2024 | 135.39 वर्गगज |
| 03 | श्री अमरजीत अग्रवाल पुत्र श्री विजय कुमार अग्रवाल | श्री रतन लाल हरलिया पुत्र श्री गिरधारी लाल जाति भाट निवासी रावतसर | 19.05.2024 | 148.86 वर्गगज |

अतः उक्त आवासीय भूखण्डो का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भूमि/2025/ दिनांक: 11/11/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक द्वारा नगरपालिका अधिनियम-2009की धारा 69ए/राजकीय भूमि के अधीन पट्टा जारी करवाने हेतु आवेदन किया है -

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | वार्ड | साईज वर्गमी. | दिशा उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री देवीलाल | श्री बृजलाल | 09 | 160.59 | सुरेश कुमार | हनुमान प्रसाद बंशीधर शर्मा | आम गली | सुरेश कुमार |

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नियमन करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

# भामाशाह सम्मान समारोह 7 दिसंबर को


- बैठक में आगामी 07 दिसंबर को भामाशाह सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया

**रतनगढ ।** ग्रामीण किसान छात्रावास रतनगढ़ की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक छात्रावास परिसर में अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 07 दिसंबर को भामाशाह सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया और समारोह के आयोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भामाशाह पट्ट, मोमेंटो, मुख्य अतिथि ,मुख्य वक्ता तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श हुआ तथा कमेटियों का गठन किया गया। बैठक में नवनिर्मित पुस्तकालय (वाचनालय) के संचालन के लिए पुस्तकों और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई । बैठक में अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने सभी को एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने का आव्हान किया।बैठक में सचिव पवन सेवदा, कोषाध्यक्ष खींवाराम ख्यालिया, जाट बौद्धिक मंच के अध्यक्ष मुकन्दाराम नेहरा, नानूराम बिरड़ा, सरपंच रामकृष्ण थालौड, पप्पू कडवासरा भगवाना राम डूडी,गोपाल राम धायल ,शिवलाल सिंह ढेवा,साांवर मल बडजाती, हनुमान न्यौल,रामेश्वर लाल सूंडा,किशनलाल कड़वासर, बिशनलाल रुलानिया, पूराराम गांधी, शीशपाल बिरड़ा,माणक चन्द धेतरवाल, शुभ करण नैण,सोहन लाल चबरवाल, रामचंद्र खीचड, भंवरलाल पूनिया, किशोर आदि उपस्थित थे।

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN
RISING RAJASTHAN

**जयपुर की प्राइम लोकेशन जगतपुरा के रीको अपैरल पार्क में व्यवसायिक भूखंड की ई-नीलामी**

भूखंड विवरण
भूखंड संख्या- SPL-5 • मेन 200 फीट महल रोड पर (कॉर्नर प्लॉट)
क्षेत्रफल 5780 वर्ग मीटर




ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 13 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 27 नवम्बर, 2025 (सायं 6 बजे)

ऑनलाइन बिड
प्रारम्भ तिथि : 28 नवम्बर, 2025 (प्रातः 10 बजे)
अंतिम तिथि : 02 दिसम्बर, 2025 (सायं 5 बजे)

आरक्षित मूल्य
₹2,15,000
प्रति वर्ग मीटर

आवेदन के लिए स्कैन करें

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

विशेष शर्त: 20% बिल्ट-अप एरिया को GCC/IT/Co-working स्पेस के लिए 20 वर्ष तक किराए/लीज़ पर देना आवश्यक

राज.संवाद/सी/25/13573

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005 • ई-नीलामी हैल्पलाइन - 0141 4593250, 4593237
वाट्सएप - 90013 06515 | riico.rajasthan.gov.in

## कार्य योजनाओं पर चर्चा

**झुंझुनूं ।** महावीर इंटरनेशनल एपेक्स द्वारा कुंभलगढ़ पर्यटन स्थल पर आठ व नौ नवंबर को दो दिवसीय मंथन शिविर एवं गवर्निंग कौंसिल शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सीए अनिल जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नव निर्वाचित गवर्निंग काउंसलिंग मेंबर वीर श्यामसुंदर जालान ने बताया कि शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं महावीर वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के उद्देश्यों, सेवा प्रकल्पों व समाजसेवा की दिशा में किए जा रहे नवाचारों तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया। विभिन्न सत्रों में सदस्यों ने सेवा, सहयोग एवं संगठन के सुदृढ़ीकरण पर अपने अपने विचार साझा किए। नवनिर्वाचित गवर्निंग काउंसिल के पदाधिकारी ट्रस्टीज डायरेक्टर्स ने शपथ ठाहण की। मुख्य अतिथियों ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की भावना सबकी सेवा-सबको प्यार दोस्ती से सेवा की ओर को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

## श्रीकृष्ण जन्म पर गूंज उठा चिड़ावा

चिडावा। शहर के वार्ड बीस स्थित जोशियों की बगीची में चल रही श्री मद्भागवत कथा के दौरान मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ने जैसे ही कृष्ण जन्म का वृतांत सुनाया, संपूर्ण कथा पांडाल नंद बाबा के घर जैसा उल्लास से भर उठा।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने खुशियां मनाई और नंदबाबा की ओर से सभी को बधाई बांटी गई। कृष्ण जन्म के आनंद में डूबे श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

प्रयागराज से आए श्री सीताराम धर्म प्रचारक मंडल काशी के कथा वाचक आचार्य पुष्पराज मिश्र ने कृष्ण जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया।

**अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?**



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

**आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण**

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

**आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए**

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in